हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 7 मई 2025

तापमान
अधिकतम 35 .6 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

11 लड़का-लड़की एक समान बेटी को दो पूरा सम्मान ...



12 हत्या के विरोध में परिजनों ने चौकी के बाहर किया प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### महिला के बैग से एक लाख 40 हजार रुपये चुराए

यमुनानगर रादौर बस स्टैंड पर चोरों ने एक महिला के बैग से एक लाख 40 हजार रुपए चोरी कर लिए। मामला करीब 10 दिन पहले का है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खुर्दबन निवासी दिव्या गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 26 अप्रैल को शाम पौने सात बजे बस में सवार होकर अपने घर लौट रही थी। जब वह रादौर बस स्टैंड पर पहुंची तो चोरों ने उसके बैग से एक लाख 40 हजार रुपये चोरी कर लिए। जब वह घर पहुंची तो उसे बैग से पैसे गायब मिले।

### खैर के पेड़ घर में छिपाने के आरोप में पांच पर केस

यमुनानगर खैर तस्करों ने जंगल से खैर के पेड़ काटकर घर में छीपा लिए। वन विभाग के अधिकारियों को जब इसकी सूचना मिली तो विभाग के अधिकारियों ने घर में छापामारी की। छापामारी के दौरान 35 खैर के टुकड़े बरामद हुए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार डारपुर बीट के उप वन राजिक अधिकारी मोबीन खान ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव इब्राहिमपुर के जंगल से गांव के ही अदरीश, लियाकत, अकरम, अली हसन ने खैर के पांच पेड़ों को चोरी से काटकर उसके टुकड़ों को गांव के ही इरफान उर्फ फाना के घर में छिपाया हुआ है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ आरोपी इरफान के घर पर दबिश दी। जांच के दौरान उसके घर से खैर के 35 छीले हुए टुकड़े बरामद हुए। इस दौरान वहां से आरा, कुल्हाड़ी व पेड़ काटने का अन्य सामान बरामद हुआ।

### रोजगार प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 8 मई को

**कुरुक्षेत्र।** जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि जिला रोजगार कार्यालय द्वारा इच्छुक प्रार्थियों को जॉब के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए 8 मई को प्रातः 9:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय के प्रांगण में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करवाया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में 12वी, स्नातक, स्नातकोत्तर अन्य डिप्लोमा प्रार्थियों के भाग ले सकते है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में एचडीएफसी बैंक, ओम लॉजिस्टिक्स व टाटा एआइ आदि कंपनियों के द्वारा प्रार्थियों का चयन किया जाएगा तथा प्लेसमेंट ड्राइव में 20 वर्ष से 45 वर्ष की आयु के प्रार्थी जो कि 12वी स्नातक, स्नातकोत्तर पास है, भाग ले सकते हैं।

### बराड़ाः घर को चोरों ने बनाया निशाना

**बराड़ा।** प्रीत कॉलोनी में एक सुने पड़े घर को चोरों ने निशाना बनाया और लाखों के माल पर हाथ साफ किया। गांव राजोखेड़ी के स्कूल में कार्यरत टीचर सुमन बाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 3 मई को अपनी बेटी को परीक्षा दिलवाने के लिए कुरुक्षेत्र गई थीं और 5 मई की सुबह लगभग 9:15 बजे जब वह घर लौटीं, तो घर के अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ था। घर से एक एसी, एलईडी टीवी, इन्वर्टर, सात-आठ जोड़ी पाजेब, एक सोने की चेन और दो सोने की अंगूठियां चोरी हो चुकी हैं।

### ट्रेन में एक लाख का फोन छीना

**पानीपत।** दिल्ली से मालवा एक्सप्रेस में सवार होकर पानीपत आ रहे ओमप्रकाश कुमार सिंह निवासी औरंगाबाद, बिहार ने आरोप लगाया कि ट्रैवलिंग टिकट इन्स्पेक्टर्स (टीटीआई) ने उनका एक लाख रुपये कीमत का मोबाइल छीन कर फरार हो गया। पानीपत पहुंचने पर ओमप्रकाश की शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज कर रेलवे पुलिस थाना को आगे की जांच के लिए भेज दी।

## अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह ने एंटी क्रप्शन ब्यूरो को भेजा लेटर

# ऐतिहासिक नौरंग राय तालाब व महावीर पार्क के सौंदर्यकरण में हुआ बड़ा घोटाला

- निष्पक्ष ढंग से करवाएं जांच, जनता के पैसे की हुई लूट, जरुरत पड़ी तो विधानसभा में उठाएंगे मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। ऐतिहासिक नौरंगराय तालाब का दृश्य। फोटोः हरिभूमि

अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह ने दस साल से अधर में लटके ऐतिहासिक नौरंग राय तालाब व महावीर पार्क के सौंदर्यकरण में बड़ा घोटाला होने का दावा किया है। इसी वजह से उन्होंने दोनों योजनाओं में हुए कथित घोटाले की जांच के लिए एंटी क्रप्शन ब्यूरो को लेटर भेजा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह पवित्र सरोवर व पार्क लोगों की धार्मिक भावनाओं और आस्था का केंद्र है। धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक को भेजे पत्र में निर्मल सिंह ने योजनाओं के निर्माण में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी धन के दुरुपयोग की बात कही है। उनका आरोप है कि परियोजनाओं में लाखों रुपये के घोटाला हुआ है। घटिया सामग्री के उपयोग और मापदंडों की अनदेखी की वजह से ये योजनाएं अभी तक सिरे नहीं चढ़ पाई हैं। लेटर में उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के जरिए न केवल जनता के धन की लूट हुई है बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता भी सवालों के घेरे में है।

### लूट का अड्डा बने पवित्र सरोवर और पार्क

निर्मल सिंह ने अपनी प्रखर और आक्रामक शैली में कहा, जनता को पवित्र सरोवर की निर्मलता और सुंदर पार्क का सपना दिखाकर कुछ भ्रष्ट लोग सरकारी खजाने को दोनों हाथों से लूट रहे हैं। भगवान नौरंग राय पवित्र प्राचीन सरोवर, जो हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है और लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है, उसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया। श्री महावीर पार्क की हालत भी कुछ अलग नहीं है। ये परियोजनाएं जनता और उनकी धार्मिक भावनाओं के लिए नहीं, बल्कि ठेकेदारों और अधिकारियों की जेब भरने का जरिया बन गई हैं। सिंह ने प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा, यह शर्मनाक है कि जिस सरकार को जनता और उनकी धार्मिक आस्था के हितों की रक्षा करनी चाहिए, वह भ्रष्टाचार के इस नंगे नाच को मूकदर्शक बनकर देख रही है। जनता का पैसा जनता का हक है। हम इसे लुटने नहीं देंगे। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा, चाहे वह अधिकारी हों, राजनेता हों या ठेकेदार, कोई भी बख्शा नहीं जाना चाहिए।

पूर्व मंत्री ने हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की निष्पक्षता और ईमानदारी पर भरोसा जताते हुए कहा हमें एसीबी पर पूरा विश्वास है कि वह इस मामले में निष्पक्ष और तेजी से कार्रवाई करेगी। यह जांच केवल भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने के लिए नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और उनकी धार्मिक आस्था को बहाल करने के लिए भी जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वह इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाएंगे।

जनता के बीच जाकर आंदोलन की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान नौरंग राय पवित्र प्राचीन सरोवर और श्री महावीर पार्क के निर्माण कार्यों में बार-बार देरी और गुणवत्ता की कमी ने जनता में गहरी नाराजगी पैदा की है। उन्होंने कहा की यह भ्रष्टाचार का खुला खेल है जो न केवल जनता के धन की लूट हैबल्कि उनकी धार्मिक आस्था के साथ भी खिलवाड़ है।

### सरकारी खजाने से हुई लूट



विधायक निर्मल सिंह

विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से भगवान नौरंग राय पवित्र प्राचीन सरोवर और श्री महावीर पार्क के नाम पर सरकारी खजाने से लाखों रुपये खर्च किए गए लेकिन इन कार्यों की गुणवत्ता और निष्पादन की स्थिति शर्मनाक है। घटिया सामग्री का उपयोग, निर्माण में मापदंडों की अनदेखी और सरकारी धन का खुला दुरुपयोग इस बात का प्रमाण है कि इन परियोजनाओं को कुछ अधिकारियों, राजनेताओं और ठेकेदारों ने मिलकर लूट का अड्डा बना लिया है। उन्होंने इस घोटाले को जनता और उनकी धार्मिक आस्था के साथ विश्वासघात करार देते हुए कहा कि यह आम नागरिकों के हक और उनकी पवित्र भावनाओं पर डाका डालने की सुनियोजित साजिश है।



यमुनानगर। इस्माइलपुर के नजदीक हुए सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त हुई स्कार्पियो व मोटरसाइकिल। फोटोः हरिभूमि

# स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत

### साढ़ौरा कोटला रोड पर इस्माइलपुर के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के साढ़ौरा कोटला रोड पर गांव इस्माइलपुर के पास बीती रात स्कॉर्पियो कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपति की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात स्कार्पियो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव श्यामपुर निवासी जगदीश अपनी पत्नी कांता के साथ बाइक पर सवार होकर किसी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। देर शाम जब वह दोनों समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे तो गांव इस्माइलपुर के पास सामने से तेज गति से आ रही स्कार्पियो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची मगर तब तक आरोपी स्कार्पियो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम ने दोनों घायलों को साढ़ौरा के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया मगर डॉक्टर ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जगाधरी सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर डॉक्टर ने जांच करने पर उन दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### राज्य कार्यकारिणी की कुरुक्षेत्र डिपो कार्यालय में हुई बैठक

# ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने मांगें पूरी नहीं होने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- 15 मई को परिवहन मंत्री के आवास पर न्याय मार्च करेंगे यूनियन के कर्मचारी



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी। फोटोः हरिभूमि

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 1947 कि राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग कुरुक्षेत्र डिपो कार्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्षता राज्य प्रधान मायाराम उनियाल ने की। मीटिंग का संचालन राज्य महासचिव बलदेव सिंह मामू माजरा ने किया। मीटिंग में यूनियन के पूरे हरियाणा से डिपो प्रधान सचिव व कैशियर शामिल रहे। राज्य प्रधान मायाराम उनियाल, महासचिव बलदेव सिंह मामू माजरा ने कहा कि आज के समय में हरियाणा सरकार ने रोडवेज के बेड़े को अपंग बना दिया है। आए दिन रोडवेज की बसों को रैलियों में ले जाते हैं। पीछे से प्राइवेट वाले लोगों से दुर्व्यवहार करते हैं। कहीं रूट पर तो मन मर्जी का किराया वसूलते हैं। हरियाणा सरकार ने जो प्राइवेट रूट परमिट निकाले हैं यूनियन उसका पूर्व विरोध करती है। क्योंकि प्राइवेट परमिट हरियाणा की जनता की कोई मांग नहीं है। हरियाणा की जनता सरकारी बसों की ही मांग करती है। हरियाणा रोडवेज में अफसर शाही का बोलबाला है। वर्ष 2024 में सांझा मोर्चे की पूर्व परिवहन मंत्री व मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव उमाशंकर से वार्ता हुई थी।

### पानीपतः पूर्व विधायक के भतीजे की बलाना गांव में हत्या

**इसराना।** पानीपत के गांव बुलाना में सोमवार की रात को 76 वर्षीय बुजुर्ग बलवान सिंह की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। बलवान, गांव से बाहर बन रहे अपने निर्माणाधीन मकान में सोमवार की रात को सोने गए थे। मंगलवार की सुबह जब बलवान अपने गांव के अंदर पुराने घर पर नहीं पहुंचे तो उनका पुत्र राकेश उन्हें देखने के लिए निर्माणाधीन मकान में पहुंचा। जहां चारपाई पर बलवान का खून से लथपत शव पकडा। हत्यार ने हत्या के बार बलवान के शव पर चादर डाल दी थी। इधर, घटना की सूचना मिलने पर इसराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी घटनास्थल व शव की जांचा और कार्रवाई शुरू कर दी।

### शंभू बॉर्डर से चोरी हुए सामान की रिकवरी न होने से किसानों में भारी रोष

# शंभू बॉर्डर जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका तो हाईवे पर ही धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मंजी साहिब गुरुद्वारे के बाहर रोके जाने पर प्रदर्शन करते किसान।

प्रदर्शन के लिए शंभू बॉर्डर जा रहे किसानों को पुलिस ने बीच रास्ते में रोक लिया। पंजाब पुलिस द्वारा भी किसानों को रोकने के लिए खासी व्यवस्था की थी। इससे पहले पंजाब पुलिस ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को उनके घर में नजरबंद किया गया था।

अनाज मंडी में शांतिपूर्वक शंभू जाने को जुटे किसानों और मजदूरों को पुलिस ने मंडी का गेट बंद कर रोक दिया है। दोपहर में अंबाला से शंभू थाने की ओर कूच कर रहे किसानों को अंबाला पुलिस ने शंभू थाने जाने से रोक दिया। उन्हें मंजी साहिब गुरुद्वारे के बाहर रोका गया। दरअसल, हाल ही में खाली कराए गए शंभू बॉर्डर पर किसानों का काफी सारा सामान चोरी हो गया था। हालांकि इस संबंध में पुलिस ने केस भी दर्ज किया था लेकिन अभी तक ज्यादातर किसानों को उनका सामान वापस नहीं मिला है। इसके खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक द्वारा एक दिन के लिए शंभू थाने के घेराव की घोषणा की थी। मंजी साहिब गुरुद्वारे के पास पुलिस ने शम्भू सीमा का घेराव कर धरने में शामिल होने वाले किसानों को पुलिस ने रोक दिया। इस बीच किसानों व पुलिस में बहस भी हुई लेकिन भारी पुलिस बल ने किसानों को रोके रखा।

# तूड़ी से भरे ट्राले में आग, हादसा टला!

**इंद्री।** करनाल स्टेट हाईवे पर कर्नल फार्म के सामने तूड़ी से भरे ट्राले में आग लगने से एक बड़ा हादसा होने से बच गया इस आगजनी में ट्राले में रखी तूड़ी जलकर राख हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह रादौर से पानीपत की ओर जा रहे एक तूड़ी से भरे ट्राले में इंद्री के कर्नल फार्म के पास आग लग गई। इस आग की सूचना तुरंत डायल 112 को दी गई जिसके बाद फायर ब्रिगेड की गाडी मौके पर पहुंची और फायर कर्मियों क्रेन की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ट्राला ड्राइवर ने बताया कि वो रादौर से तूड़ी से भरे ट्राले को लेकर पानीपत की ओर जा रहे थे जैसी ही वे इंद्री के पास पहुंचे तो ट्राले का टायर फट गया जिसके चलते वे ट्राले को सड़क पर साईड मे लगा कर ट्राले का टायर लेने के लिए चले गए जब वे टायर लेकर वापिस आए तो ट्राले मे भरी तुडी मे आग लगी हुई थी। उन्होंने इस की सूचना तुरंत डायल 112 पर की जिन्होंने फायर बिग्रेड को बुलाया।



# सामाजिक चिकित्सक महासंघ का प्रतिनिधि मंडल सीएम से मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा का एक प्रतिनिधि मंडल मांगों को लेकर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर श्री नायब सिंह सैनी से मिला। सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा के प्रतिनिधि मंडल की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. श्री सुरेश शर्मा जी ने की। डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा काफी लंबे समय से ट्रेनिंग को लेकर जो अधूरी पड़ी हुई मांगे हैं उनको जल्द लागू किया जाए और प्रदेश भर में अनुभव के आधार पर काम कर रहे प्रेक्टिसनर लोगों को अपनी सेवाएं दे सकें। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ श्री चंद तंवर, जिला अध्यक्ष कैथल डॉ. तेजपाल खटकड़, पानीपत जिला प्रधान डॉ. रमेश ढांडा, यमुनानगर से डॉ. काला राम, डॉ. बलजीत सैनी, डॉ. अनुज शर्मा, कुरुक्षेत्र से डॉ. राकेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# आयुष विवि 9 को करेगा योग कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



वीसी प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान।

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए 43वां काउंटडाउन कार्यक्रम 9 मई को ब्रह्मसरोवर तीर्थ स्थित पुरुषोत्तमपुरा बाग में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:30 बजे होगा और इसमें 45 मिनट का कॉमन योग प्रोटोकॉल संपन्न कराया जाएगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने दी। कुलपति प्रो. धीमान ने बताया कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली द्वारा 100 दिन, 100 शहर, 100 संस्थान श्रृंखला के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय को 43वें दिन का आयोजन करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस आयोजन का उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना और स्वस्थ भारत समर्थ भारत की दिशा में योगदान देना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और योग विभाग दिन-रात तैयारियों में जुटे हैं।

### उपलब्धि | हरियाणा के सर्वश्रेष्ठ सरकारी बहुविषयक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में प्रथम स्थानः कुलपति

**एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया उच्च शिक्षा रैंकिंग में मिली पहली रैंकिंग**

# कुवि ने शिक्षा, शोध, अनुसंधान सहित खेल एवं संस्कृति के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध, अनुसंधान सहित खेल एवं संस्कृति के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए है। यह बात उन्होंने मंगलवार को कुवि कुलपति कार्यालय में एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया हायर एजुकेशन रैंकिंग 2025-26 के तहत केयू को भारत के सर्वश्रेष्ठ सरकारी बहुविषयक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में हरियाणा में प्रथम स्थान दिए जाने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए व्यक्त किए। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी केयू शिक्षक संकाय सदस्यों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को इस अवार्ड की बधाई देते हुए कहा कि देशभर में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी बहुविषयक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करना बड़े गर्व एवं गौरव का विषय है। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया हायर एजुकेशन द्वारा विश्वविद्यालयों की संकाय की क्षमता, वेलफेयर और विकास, अनुसंधान और नवाचार, पाठ्यक्रम और शिक्षण, उद्योग इंटरफेस, प्लेसमेंट, बुनियादी ढांचे और सुविधाओं, अंतर्राष्ट्रीयता, लीडरशिप, गवर्नेंस गुणवत्ता आदि मानकों का मूल्यांकन एवं सर्वेक्षण करने के बाद केयू को 921 अंकों के साथ सरकारी बहुविषयक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में हरियाणा में प्रथम स्थान मिला। उन्होंने बताया कि केयू को सर्वाधिक अंक संकाय क्षमता व ढांचागत विकास तथा उपलब्ध सुविधाओं के लिए मिले। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने इस बहुविषयक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में प्रथम रैंक आने पर प्रसन्नता प्रकट की। इस मौके पर केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि वर्ल्ड रैंकिंग द्वारा बड़े स्तर पर गहन उच्च शिक्षा रेटिंग और रैंकिंग सर्वेक्षण के बाद रैंकिंग वेबसाइट पर जारी की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि 25 अप्रैल 2025 को द ग्रैंड, न्यू दिल्ली, वसंत कुंज में यह अवार्ड कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को मिला था। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, डीन रिसर्च प्रो. संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### दंत चिकित्सा कैम्प में 260 छात्रों की जांच की

**करनाल।** भारत विकास परिषद माधव शाखा की महिला विंग ने भाविप की परियोजनाओं के अंतर्गत संत कबीर पब्लिक स्कूल सेक्टर आठ में दंत चिकित्सा शिविर लगाया और संतुलित आहार के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। दंत चिकित्सा कैम्प में लगभग 260 छात्रों की जांच की गई। सुजाता गुप्ता ने बताया कि संतुलित आहार एवं पोषण कैम्प में 7वीं, 8वीं व नौवीं कक्षा के लगभग 270 छात्रों ने हिस्सा लिया।

### विद्यार्थियों को सहायक उपकरण वितरण किए

**करनाल ।** राजकीय गर्ल मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड करनाल में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सहायक उपकरण वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन समावेशी शिक्षा केंद्र के संयोजक एवं प्रिंसिपल महेंद्र नरवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डीपीसी ज्योत्सना मिश्रा ने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलने वाले सहायक उपकरण की सहायता से दिव्यांग अपनी बाधाओं को दूर करके अपने उद्देश्य को प्राप्त करते हैं।

### ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता मुहिम

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज चालान ड्राइव का आयोजन किया गया। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि जिला में ट्रैफिक पुलिस के सौजन्य से 6 से 9 मई तक चालान ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इसमे ट्रैफिक पुलिस की टीम लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दे रही है।

विधायक का गांव पहुंचने पर फूल-मालाओं से किया स्वागत

# विधायक ने शामगढ़ में किया विकास कार्यों का उद्घाटन, 40 लाख होंगे खर्च

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने मंगलवार को गांव शामगढ़ में करीब 40 लाख रुपये की लागत से बने ओपन जिम, पार्क, शमशान घाट में पेवर ब्लॉक और कम्युनिटी सेंटर हॉल, रसोई व शौचालय का उद्घाटन किया। विधायक का गांव शामगढ़ में पहुंचने पर फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि इन विकास कार्यों से गांव के लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, मनोरंजन करने और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। प्रदेश में नॉन स्टॉप विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। गांवों को शहरों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। वर्तमान सरकार जनता की कसौटी पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची



**करनाल।** ओपन जिम, पार्क, शमशान घाट में पेवर ब्लॉक और कम्युनिटी सेंटर हॉल, का उद्घाटन करते विधायक भगवानदास कबीरपंथी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गांव की सरपंच सरदारनी गुल ढिल्लों, रविजीत सिंह, बालकिशन, मनोहर लाला, श्यामसुंदर, रजनीश, सुदर्शन, यशपाल, अमित, माईचंद, शिवकुमार, निर्मल, अनिल, गुरमुख, हरिसिंह, अनिल, जितेंद्र बाजवा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



# सालवन में मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

असंध विधानसभा के विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि आने वाली 9 मई, 2025 को भव्य तरीके से करनाल जिला के सालवन गांव में महाराणा प्रताप जयंती का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इस आयोजन में प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर से सर्व समाज के लोग शिरकत करेंगे। इसे लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही है।

विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। इसके अतिरिक्त विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, पूर्व मंत्री सुरेश राणा व सर्व समाज के लोग दूर-दूर से शिरकत करने पहुचेंगे। प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में इस कार्यक्रम को लेकर न्यौता दिया जा रहा है। सालवन गांव की अनाज मंडी में करीब साढ़े 4 एकड़ में लगाया जा रहा जर्मन तकनीक का टेंट विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप जयंती के राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियां सालवन में जोरों पर चल रही हैं।

### कार्यक्रम के लिए बनाए गए चार मंच

विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर 4 मंच बनाए गए हैं। मुख्य मंच पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बैठेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य विशिष्ट मेहमानों के लिए दो वीआईपी मंच बनाए गए हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए एक कल्चरल मंच बनाया जा रहा है।

## सिविल सर्जन ने की प्राइवेट एमटीपी केंद्रों के साथ बैठक, रिकॉर्ड रखें




**करनाल।** सिविल सर्जन की अध्यक्षता में गत दिवस जिला के प्राइवेट एमटीपी केंद्रों की बैठक ली गई जिसमें सभी प्राइवेट एमटीपी केंद्रों की स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में नोडल अधिकारी एमटीपी ने बताया कि एमटीपी सैन्टर में जो भी गर्भवती महिला जिनकी पहली सन्तान लडक़ी है और वो आरपीओसी या मिस्ड अबॉर्शन के साथ आती है तो उनकी सूचना तुरन्त सिविल सर्जन कार्यालय में देना सुनिश्चित करें और गर्भवती महिला का पूरा रिकार्ड गोपनीय रखा जाए। सिविल सर्जन ने जिला के लिंग अनुपात को सुधारने के लिए अपील करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के बारे में सूचना देने वाले को एक लाख रूपये की नकद राशि दी जाएगी और सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# तरावड़ी से गांवों में जाने वाली सड़कों के हालात खराब

## इन सड़कों के आसपास अनेक राइस मिल भी हैं जिनमे भारी वाहन, कंटेनर चलते रहते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी से गांवों में जाने वाली सडक़ों के हालात बड़े खराब हैं। इन सडक़ों पर गड्ढे इतने हैं की बरसात में दुपहिया वाहन ले जाना खतरे से खाली नहीं है। और इन सडक़ों पर आए दिन कोई ना कोई हादसा होता रहता है।

इन सड़कों के आसपास अनेकों राइस मिल भी हैं जिनमे भारी वाहन, कंटेनर चलते रहते हैं। जिनकी वजह से और भी इन सडक़ों के हालात दयनीय हो जाते हैं। बीती रात सोमवार को भी गांव बीड बडावला के रहने वाले युवक की मौत का कारण भी इन सडक़ों पर बने गड्ढे होना है अगर बरसात होती है तो इन गड्ढो में पानी भर जाता है। दुपहिया वाहन चालक को इन गड्ढो का पता नहीं चल पाता। जिससे वह हादसे का शिकार हो जाता है।

गांव सौंकड़ा से साम्भली काछवा रोड, गांव सौंकड़ा से सगा की, सौंकड़ा से गांव बीड बडावला, गांव पखाना से गांव चंदन खेड़ा की सडक़ों की हालत ज्यादा ही खस्ता है। इन सडक़ों पर चलना खतरे से खाली नहीं है। चन्दनखेड़ा गांव वालों का कहना है कि कई बार इस सडक़ के निर्माण के लिये विधायक व करनाल प्रशासन को भी मिले है लेकिन स्थिति ज्यों त्यों है।



**तरावड़ी।** गांव पखाना से चन्दन खेड़ा की सडक़ के हालात



**तरावड़ी।** गांव सौकड़ा से काछवा – साम्भली रोड़ पर गड्डों की भरभार।



**तरावड़ी।** सौकड़ा से साम्भली रोड पर गड्डों की भरभार। फोटो : हरिभूमि

### लगाए जा रहे हैं पैच

कि सड़कों पर पैच लगाने का काम किया जा रहा है। गेहूं के सीजन से पहले हमने सौंकड़ा से गांव साम्भली सडक़ पर पैच लगाए थे। वाहनों की आवाजाही से इन गडडों के पैच उखड़ गए हैं जिनको दोबारा भरवाय जाएगा।

# शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल का लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नागरिकों की समस्याओं का अब शीघ्र समाधान सम्भव होगा। इसके लिए निदेशालय शहरी स्थानीय निकाय, पंचकुला ने शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल को अपग्रेड कर ई समाधान एप (स्वच्छ हरियाणा एप) बनाई है। नागरिक अब इस एप के जरिए अपनी शिकायतों का समाधान करवा सकते हैं। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मंगलवार को दी।

उन्होंने बताया कि पहले स्वच्छ हरियाणा एप पर सफाई व स्ट्रीट लाईट से सम्बंधित शिकायतें ही नागरिक कर सकते थे, परंतु अब इस एप पर 16 अलग-अलग श्रेणी में शिकायत कर सकते हैं। इन श्रेणियों को 67 उप श्रेणियों में बांटा गया है। नागरिक 67 प्रकार की शिकायतें ई समाधान एप पर कर सकेंगे। इन शिकायतों का निस्तारण करने की समयावधि भी निश्चित की गई है। समाधान के पश्चात नागरिकों को फोन करके फीडबैक भी ली जा सकती है। कैसें करें डाऊनलोड- उन्होंने बताया कि ई समाधान डीयूएलबी हरियाणा एप को नागरिक एप स्टोर व प्ले स्टोर, दोनो से डाऊन लोड कर सकते हैं। यह एंड्रोयड व एपल, दोनो मोबाईल फोन से डाउनलोड हो सकती है। इसकी बहुत ही सरल प्रक्रिया है। एप को डाउनलोड करने के बाद व्यक्ति को रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके लिए नाम व फोन नम्बर डालने के बाद ओटीपी आएगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।



**करनाल।** शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल का विडियो कॉंफ्रेंस के माध्यम से प्रशिक्षण लेते निगम अधिकारी एवं कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### इन श्रेणी में कर सकते हैं शिकायत

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि नागरिक 16 अलग-अलग श्रेणी में उक्त एप पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इनमें कूड़ा एकत्रीकरण/सफाई, स्ट्रीट लाईट, सडक सफाई, नाला सफाई, सार्वजनिक शौचालय, आवारा मवेशी/बंदर पकड़वाना/मृत पशु, सीवरेज नेटवर्क, बरसाती पानी ड्रेन नेटवर्क, जल कनेक्शन/जल भराव, जलापूर्ति नेटवर्क, जल व सीवर कनेक्शन, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण, सम्पति कर आई.डी./कराधान तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्टां जैसी शिकायतें शामिल हैं।

### पोर्टल को अपग्रेड किया

नगर निगम आयुक्त नेबताया कि ई समाधान एप का संचालन शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल से होगा। इस पोर्टल को अपग्रेड किया गया है। मंगलवार को निदेशालय शहरी स्थानीय निकाय से आई.टी. विशेषज्ञ राकेश ने विडियो कॉंफ्रेंस के माध्यम से राज्य की सभी नगर निगम, परिषद व नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई है। नगर निगम करनाल कार्यालय में उप निगम आयुक्त अभय सिंह की अध्यक्षता में सभी सफाई निरीक्षकों, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी टीम, कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी तथा उप रजिस्ट्रार (जन्म व मृत्यु शाखा) डॉ. रमेश शर्मा ने प्रशिक्षण लिया।

### आज डीसी से मिलेंगे हिसार के किसान

**करनाल।** हिसार के किसानों पर मुकदमे दर्ज किए जाने के मामले को लेकर में बुधवार को हिसार के किसानों का प्रतिनिधिमंडल भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान की अगुवाई में सुबह 10 बजे करनाल के डीसी उत्तम सिंह से मिनी सचिवालय स्थित कार्यालय में भेंट करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए भाकियू प्रवक्ता सुरेन्द्र सांगवान ने बताया कि फरवरी 2024 में हिसार के खेडी चोपटा में किसान आन्दोलन हुआ था। जिस दौरान पुलिस और किसानों में टकराव हो गया था। उस समय हिसार के उत्तम सिंह डीसी थे और मकसूद अहमद एसपी थे। आंदोलित किसानों और प्रशासन के बीच में समझौता हुआ था कि इस मामले में किसी भी पक्ष के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नही किया जायेगा। बाद में 22 किसानों के नाम और 400 अन्य अज्ञात लोगों पर विभिन्न केस दर्ज कर दिया गया। किसानों को उस समय केस दर्ज होने का पता चला जब किसानों के पास कोर्ट से सम्मन पहुंचे। पंचायत में डीसी ने विश्वास दिलाया था कि किसी भी किसान पर मुकदमा दर्ज नहीं होगा।

स्मार्ट फैक्ट्री लैब का उद्घाटन

# युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष होने की जरूरत : नारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आज का युग नई टेक्नोलॉजी का युग है। गुरु ब्रह्मानंद राजकीय पॉलीटेक्निक नीलोखेड़ी में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा स्थापित स्मार्ट फैक्ट्री लैब का उद्घाटन किया गया । मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की इस प्रकार की पहली लेबोरेटरी है जो गुरुब्रह्मानंद राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में स्थापित की गई है। स्मार्ट फैक्ट्री लेबोरेटरी (इंडस्ट्री 4.0)का उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संजय नारंग वाइस प्रेसीडेंट मारुति, समद खान जनरल मैनेजर मारुति,निर्मल सिंह बिजनेस डेवलपमेंट नॉर्थ,योगेश श्री वास्तव सीनियर मैनेजर, आर. उगेश सहायक मैनेजर डिडक्टिक,हरीश नचनानी नैशनल हेड डिडक्टिक ने शिरकत की । हमारे संस्थान से टीपीओ विकास कुमार , विभागाध्यक्षों ,वरिष्ठ अध्यापको व एन सी सी कैडेट्स ने कदम ताल मिलाकर सम्मान के साथ समारोह में शामिल हुए। संजय नारंग ने लेबोरेटरी का शिलान्यास पर्दा उठा कर किया।



### महापौर ने जन सुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का किया निवारण



**करनाल।** महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई कर आमजन की समस्याओं का निवारण किया। उन्होंने अपने कार्यालय में आए नागरिकों की समस्याओं को एक-एक कर सुना और सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारियों को बुलाकर उनकी समस्याओं का निवारण करवाया। इस दौरान महापौर के समक्ष सम्पति कर आई.डी. में त्रुटि को दुरूस्त करना, सडकों के गढ्ढे भरने, सीवरेज व बरसाती लाईनो की सफाई तथा स्ट्रीट लाईटों को ठीक करने जैसी शिकायतें आई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्टां किया कि शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं जैसे सडकों को गढ्ढा मुक्त करना, बरसाती नालों की साफ-सफाई तथा स्ट्रीट लाईट को दुरूस्त रखने जैसे कार्य करवाए जाएं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतियोगिताएं छात्रों के विचारों को व्यक्त करने और कौशल को विकसित करने का देती हैं अवसर

छात्रों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की निर्देशिका पिथी चौधरी एवं प्रधानाचार्य विकास उत्रेजा का आयोजन में पहुंचने पर स्वागत किया गया। तत्पश्चात पांचवीं से सातवीं कक्षा के छात्रों ने क्या तकनीक के बढ़ते प्रभाव से रोजगार कम हो रहे हैं? विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए और आठवीं से दसवीं कक्षा के छात्रों ने क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (रद्ध) मानवता के लिए खतरा है? विषय पर चर्चा की। पांचवी से सातवीं कक्षा के छात्रों ने तकनीक के बढ़ते प्रभाव के पक्ष और विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए। छात्रों ने तकनीक के लाभों और नुकसान के बारे में विस्तार से चर्चा की और अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। आठवीं से दसवीं कक्षा के छात्रों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संभावित खतरों और लाभों पर चर्चा की। छात्रों ने बढ़ते उपयोग के प्रभावों के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए और इस विषय पर गहराई से चर्चा की। निर्देशिका महोदय द्वारा सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता के आयोजन से छात्रों को अपने कौशल को विकसित करने और अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर मिला।




**करनाल।** सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुये निर्देशिका महोदय व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### दीपांशी को सांत्वना पुरस्कार मिला

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों की प्रतिभा और उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए विचारों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को अपने विचारों को व्यक्त करने और अपने कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करती हैं। कक्षा पांचवी से सातवीं में प्रिंजल, वुभव (छठी अ), युक्ति (छठी ब), हर्षिल (सातवीं अ) और सौम्या (सातवीं स) पक्ष की ओर से विजयी रहें। इस प्रतियोगिता में हर्षिल (सातवीं अ) सर्वश्रेष्ठ वक्ता रहा। कक्षा आठवीं से दसवीं में स्नेहा, हर्षा, वाणी (दसवीं अ), सक्षम (नौंवी अ), कीर्ति (आठवीं ड) पक्ष की ओर से विजयी रहें। टीम की सदस्य स्नेहा को सर्वश्रेष्ठ वक्ता चुना गया और वाणी एवं विपक्ष टीम की ओर से दीपांशी (दसवीं अ) को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# विकास कार्यों को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास संत कबीर कुटीर में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने करनाल विधानसभा से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण एवं विकास परियोजनाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण की जाएं। विधायक जगमोहन आनंद ने मुलाकात के बाद बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समय-समय पर करनाल विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों एवं करनाल के विकास को लेकर चल रही योजनाओं बारे निरंतर चर्चा करते हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को उनसे मुलाकात हुई। उनके समक्ष करनाल से जुड़े विभिन्न मुद्दों को रखा, जिस पर उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल की जनता से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है तथा विकास कार्यों में पहले की ही तरह किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।



## खबर संक्षेप

### पानीपत में मॉक ड्रिल आज

**पानीपत।** किसी भी आपदा से निपटने के लिए सिविल डिफेंस को लेकर बुधवार की शाम को मॉक ड्रिल का आयोजन जिला सचिवालय में किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र दहिया ने दी। उन्होंने बताया कि इस वीडियो कांफ्रेंस में गृह मंत्रालय की ओर से जारी दिशा निर्देशों की अनुपालना को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी जिसके बाद सांय मॉक ड्रिल होगी।

### हुडा सेक्टर आठ वासियों को नहीं मिला रास्ता

**पानीपत।** हुडा सेक्टर आठ निवासियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। हैरानी की बता है कि दर्जनों बार विभिन्न अधिकारियों व नेताओं को शिकायत के बावजूद तो समाधान क्या होता प्रदेश के सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के आदेश के बाद भी सेक्टर वासियों को अपने सेक्टर में आने-जाने के लिए रास्ता नहीं मिल पाया। सेक्टर वासी दलबीर ने बताया कि 18 बार विभिन्न जगहों पर शिकायत कर चुके हैं।

### सडकें टूटने से क्षेत्र की जनता परेशान

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना की सर्विस लेन और इसराना से गांव बलाना को जाने वाली सडक की हालत इतनी खराब हो चुकी है उस पर वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गई है। इधर, मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की टूटी सड़कों की मरम्मत का आश्वासन देने के बावजूद दोनों सडकों की मरम्मत नहीं करवाई जा रही है। इधर, ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में इसराना प्रशासन, मार्केट कमेटी व स्थानीय विधायक एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक सडक की मरम्मत नहीं करवाई गई।

### क्रिकेट टीम का चयन आठ को

**पानीपत।** हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत होने वाली अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला पानीपत अंडर 23 व पटौदी किकेट टीम का चयन वीरवार आठ मई को सुबह आठ बजे विजन क्रिकेट ग्राउंड, नजदीक भैंसवाल मोड, बरसत रोड, पानीपत में किया जाएगा। वहीं, जो भी खिलाडी ट्रॉयल देने के लिए आएगा, वह अपने साथ अपने जन्म प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति लेकर आये। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव जितेन्द्र सिंह ने दी।

### ट्रेन में एक लाख का फोन छीना

**पानीपत।** दिल्ली से मालवा एक्सप्रेस में सवार होकर पानीपत आ रहे ओमप्रकाश कुमार सिंह निवासी औरंगाबाद, बिहार ने आरोप लगाया कि ट्रैवलिंग टिकट इन्स्पेक्टर्स (टीटीआई) ने उनका एक लाख रूपये कीमत का मोबाइल छीन कर फरार हो गया। पानीपत पहुंचने पर ओमप्रकाश की शिकायत पर जीआरपी पानीपत थाना ने जीरो एफआईआर दर्ज कर संबंधित रेलवे पुलिस थाना को आगे की जांच के लिए भेज दी।

### 31 लाख लेकर भागने वाला नौकर पकडा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने आलू व्यापारी की कलेक्शन की 31 लाख 50 हजार रूपए की नगदी लेकर भागने वाले आरोपी को नौकर राजेंद्र पुत्र नटवर वाघेला निवासी महसाना, कंथरावी, गुजरात को को गिरफ्तार कर लिया। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में गुजरात के अहमदाबाद के रानीप गांव निवासी मुकेश चतुर भाई पटेल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** सर्व समाज एकता मंच के अध्यक्ष राम रतन शर्मा, समाजसेवी बीआर कौशिक, वासुदेव गौतम व सतीश शर्मा कोहंड के साथ श्रीनगर लाल चौक पर पहुंचकर पहलगाम के शहीदों को कैंडल मार्च व तिरंगा यात्रा निकाल कर श्रद्धांजलि अर्पित की। रतन शर्मा ने कहा कि आंतकियों द्वारा निहत्थे व परिजनों के साथ घूमने आए लोगों की गोली मारकार हत्या किया जाना निंदनीय है।

## श्री अखंड शिव दुर्गा मंदिर ट्रस्ट का 22वां वार्षिक सत्संग व भंडारा आयोजित

# जब मन अशांत हो तो भगवान को याद करना चाहिए: स्वामी महेशानंद

श्री श्री 108 स्वामी महेशानंद की अध्यक्षता में श्रीरामचरित मानस का पाठ किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के नूरवाला की जसबीर कालोनी स्थित श्री अखंड शिव दुर्गा मंदिर ट्रस्ट द्वारा 22वें वार्षिक सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

वहीं, महामंडलेश्वर स्वामी दयानंद की प्रेरणा से श्री श्री 108 स्वामी महेशानंद की अध्यक्षता में श्रीरामचरित मानस का पाठ समाजसेवी ममता एवं सतीश वर्मा के कर कमलों से कराया गया। वहीं संतों द्वारा प्रवचन किया गया। ध्वजारोहण श्रीराम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा द्वारा, रिबन समारोह समाजसेवी अनंत राम खुराना द्वारा तथा ज्योत प्रचंड समाजसेवी देवेंद्र शर्मा द्वारा की गई। वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में सतपाल बावा, सुभाष बठला, अनिल शर्मा, लखन तावड़ा, डा.अजय, जय दयाल तनेजा, सुंदर लाल वधवा रहे। श्री रामायण आरती एवं भोग के बाद भंडारा लगाया गया। समारोह में भजन गायक प.आत्म प्रकाश वशिष्ठ द्वारा, प्रवचन श्री श्री 108 स्वामी परमानन्द भैय्या द्वारा किया गया। मंच संचालन मदन लाल आजाद ने किया। इस अवसर पर अशोक कालड़ा, अनिल बतरा, लाजपत मल्होत्रा, राजू सेतिया, राकेश भार्गव, लोकेश झांब, डा.राजेंद्र सैनी, सुनील कुमार गोयल व जतिन बतरा आदि मौजूद रहे। श्री श्री 108 स्वामी महेशानन्द जी महाराज ने आई संगत को प्रवचनों में कहा कि भक्ति के माध्यम से इंसान को भगवान से अपना अटूट रिश्ता बनाना चाहिए।


**पानीपत।** श्री अखंड शिव दुर्गा मंदिर ट्रस्ट के कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*


**पानीपत।** चरण सेवक श्री बागेश्वर धाम सरकार पंडित निर्मल शास्त्री, पंडित विजय को निमंत्रण देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### सत्य की राह पर चलने से मिलता है पुण्य : विजय

पानीपत। चरण सेवक श्री बागेश्वर धाम सरकार पंडित निर्मल शास्त्री एवं ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सतीश गौतम ने मंगलवार को विख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित विजय वशिष्ठ को 17, 18 व 19 मई को पानीपत में आयोजित होने हो रही श्री हनुमंत कथा का निमंत्रण दिया। वहीं श्री हनुमंत कथा, बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज द्वारा की जाएगी। पंडित निर्मल शास्त्री ने पंडित विजय वरिष्ठ जी से इस कथा में स्वयं व अपने भक्तों के साथ शामिल होने का न्यौता दिया। इधर, पंडित विजय ने कहा कि धर्म व सत्य की राह पर चलने से नागरिकों को जहां मन की शांति मिलेगी, वहीं सुख व समृद्धि के साथ भगवान का आर्शीवाद भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पानीपत में श्री हनुमंत कथा, बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज द्वारा किया जाना बहुत ही पुण्य कार्य है।


**पानीपत।** पानीपत के गांव दीवाना में योग करते हुए राजकीय स्कूल के विद्यार्थी।

### वैदिक संस्कार ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी: रणदीप आर्य

**पानीपत।** पानीपत के गांव दीवाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजबीर सिंह ने की प्रार्थना सभा में योगाचार्य प्रवीण आर्य ने बच्चों को सर्वांग सुंदर व्यायाम और सूर्य नमस्कार कराए और योग के महत्त्व की जानकारी दी। इधर, आर्य प्रतिनिधि सभा से जुडे एवं आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजवीर सिंह ने कहा कि योग करने से जहां तन मन स्वस्थ रहता है वही योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का अवसर भी प्रदान करता है इसलिए सभी अध्यापकों अभिभावक को और छात्रों को प्रतिदिन सूर्य नमस्कार योग और प्राणायाम करना चाहिए योगाचार्य प्रवीण आर्य ने कहा कि योग एक ऐसा प्राचीन अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देता है। योग का अर्थ है जुड़ना। इस अवसर पर शिक्षक यश नैन, कपिल देव, अनिल रुल्ला, राजेश कुमार, राजेन्द्र सिंह, सीमा कादियान, अरूणा, सुदेश, रेणु, पूनम, नूतन आदि भी मौजूद रहे।

### प्ले स्कूल का पंजीकरण करवाना अनिवार्य

**पानीपत।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली व महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकूला द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार जिले में चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। वहीं, उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला में प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण होना आवश्यक है।

### मत्स्य पालन योजना को लेकर बैठक हुई

**पानीपत।** नगराधीश टिनू पोशवाल ने मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार मत्सय को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा मत्सय पालन को लेकर जिला स्तरीय कमेटी के सदस्यों को लोगों को जागरूक करने के लिए कहा।

## जरूरमंद लोगों के लिए मेडिकल कैंप लगाना सबसे बड़ा पुण्य : बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समाज सेवा समिति अस्पताल में फ्री मेडिकल चैकअप कैंप का मंगलवार को आयोजन हुआ। कैंप समालखा के प्रमुख समाज सेवी जगपाल गाहल्याण के सौजन्य से लगाया गया। जिसका उद्घाटन जगपाल के भाई सुभाष गाहल्याण ने रिबन काटकर किया। कैंप के दौरान 279 मरीजों का फ्री चैकअप किया गया। जिसमें आंखों के डॉ अंकुर गुप्ता ने 135, तथा सामान्य रोगों के डॉ खजान सिंह ने 43, दांतों की डॉ अंजलि शर्मा ने 40, तथा 61 शुगर के रोगियों की जांच की गई। इधर, कैंप संबंधित जानकारी देते हुए समाज सेवा समिति अस्पताल के प्रधान श्रीप्रकाश बंसल ने कहा कि इलाके अंदर गरीब लोगों को बीमारियों के चेकअप के लिए अक्सर बाहर ही जाना पड़ता है। इसलिए अस्पताल द्वारा प्रयास करते हुए मुफ्त मेडिकल जांच कैंप लगाया गया ताकि मरीजों की जांच हो सके और उनको इलाज संबंधित जानकारी मिल सके। इस अवसर पर मैनेजमेंट की ओर से राकेश बंसल, नरेश बंसल, श्याम लाल गोयल, डॉ सतपाल, डॉ ज्योति, डॉ जेबी गर्ग, अशोक गर्ग, दिलावर सिंह, ज्ञानचंद, संदीप गर्ग, राम बिलास गर्ग, राजेन्द्र गर्ग, नरेश बंसल, राम विलास, डॉ जेबी गर्ग, ज्ञान चंद, संदीप गर्ग, अशोक गर्ग, दिलावर सिंह आदि रहे।



**पानीपत।** समाज सेवा समिति अस्पताल मे फ्री मेडिकल चैकअप कैंप का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### पूर्व विधायक के भतीजे की बलाना गांव में हत्या

**इसराना।** पानीपत के गांव बुलाना में सोमवार की रात को 76 वर्षीय बुजुर्ग बलवान सिंह की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी।

बलवान, गांव से बाहर बन रहे अपने निर्माणाधीन मकान में सोमवार की रात को सोने गए थे। मंगलवार की सुबह जब बलवान अपने गांव के अंदर पुराने घर पर नहीं पहुंचे तो उनका पुत्र राकेश उन्हें देखने के लिए निर्माणाधीन मकान में पहुंचा। जहां चारपाई पर बलवान का खून से लथपत शव पकडा। हत्यार ने हत्या के बार बलवान के शव पर चादर डाल दी थी। इधर, घटना की सूचना मिलने पर इसराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी घटनास्थल व शव की जांचा करवाई। स्मरणीय है कि बलवान सिंह के चाचा मंशाराम नौल्था विधानसभा से विधायक रह चुके है।

## भूमिगत पाइप लाइनों से तेल चोरी बंद कराने को सक्रिय हुआ आईओसीएल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इंडियन ऑयल के उपक्रम उत्तरी क्षेत्र पाइप लाइन के कार्यकारी निदेशक एवं रीजनल हेड शैलेश तिवारी ने तेल के आवागमन के लिए भूमिगत पाइप लाइनों से हो रही तेल की चोरी रोकने और चोरी के विरूद्ध जनता को जागरूक करने के लिए जागरुकता वैन को हरी झंडी देकर रवाना किया। जागरूकता वैन गांव-गांव जाकर लोगों को चोरी रोकने और चोरी करने वालों के खिलाफ इंडियन ऑयल के अधिकारियों को जानकारी देने के लिए जागरुक करेगी। कार्यकारी निदेशक शैलेश तिवारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य इंडियन ऑयल की पाइप लाइनों से हो रही तेल की चोरियों को रोकना है। उन्होंने कहा कि हमारी जागरूकता वैन गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगी इसके साथ ही हमारे अधिकारियों और सुरक्षा कर्मचारियों को भी गांव में जाकर स्थानीय लोगों से समन्वय स्थापित करना है वहीं, पाइपलाइन से छेड़खानी या चोरी करने वाले लोगों की सूचना इंडियन ऑयल के अधिकारियों को देगा उसको प्रोत्साहन राशि दी जाएगी और सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम भी गुप्त रखा जाएगा। इस अवसर पर उनके साथ शरद अग्रवाल, मुख्यमहाप्रबंधक तकनीकी, जेके राय, मुख्य महाप्रबंधक संचालन, विशाल गोरख, महाप्रबंधक रखरखाव, राजेश कुमार, महाप्रबंधक सुरक्षा और संजय कुमार उप महाप्रबंधक आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


**पानीपत।** इंडियन ऑयल के उपक्रम उत्तरी क्षेत्र पाइप लाइन के कार्यकारी निदेशक एवं रीजनल हेड शैलेश तिवारी, जागरूकता वैन को रवाना करते हुए।

## मां व बेटी ने आत्महत्या की, पिता व भाई पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की विद्यानंद कालोनी में घरेलू कलह के चलते 50 वर्षीय गीता व इसकी 20 वर्षीय पुत्री तान्या उर्फ तन्नू ने जहर खा कर आत्महत्या कर ली। हत्या का आरोप गीता के पति रमेश व इसके पुत्र मुकुल पर लगाया है। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने रमेश व मुकुल पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, डीएसपी सुरेश सैनी ने बताया कि गीता की शादी करीब 30 साल पहले रमेश निवासी विद्यानंद कॉलोनी के साथ हुई थी। दोनों के तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी है। शादी के बाद से ही दोनों के बीच अक्सर झगड़ा रहता था। दो पक्ष के लोगों ने इस झगड़े को कई बार सुलझाने की कोशिश भी की, लेकिन बात नहीं बनी। इस कारण गीता और रमेश अलग अलग रहने लगे। गीता अपनी पुत्री तान्या के साथ और पति रमेश से अलग अपने मकान में रह रही थी। जबकि रमेश अपने दो पुत्रों के साथ किराये के मकान में अलग रहता था। दोनों पक्षों का आपस में कोई संबंध नहीं रह गया था। इधर, पुलिस व एफएसएल की टीम ने गीता व तान्या के शवों की जांच की। पुलिस ने दोनों के शवों के पास से जहर की शीशी बरामद की। पुलिस का दावा है कि इसी जहर को खाकर दोनों ने सुसाइड किया है। इधर, डीएसपी सुरेश सैनी ने बताया कि जांच में पुलिस को मौके पर एक नोट भी मिला है, जिसमें गीता ने अपने पति, बेटे और अन्य ससुराल वालों पर परेशान करने का आरोप लगाया है।

### तीन पुलिस कर्मियों पर हत्या का आरोप

**पानीपत।** यमुना पुलिस के नीचे मृत हालत में मिले विजय निवासी कांधला, जिला शामली, उत्तर प्रदेश के पिता अजय सिंह ने थाना सनौली पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया कि उनके पुत्र विजय की सनौली यमुना नाका पुलिस चौकी के प्रभारी राम मौर्य व इसके साथ कुलदीप, संदीप ने पीट पीट कर हत्या की है। इधर, विजय के शव का शामली के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया और मंगलवार सुबह विजय का कांधला में अंतिम संस्कार किया। सनौली थाना पुलिस को दी शिकायत में मृतक विजय के पिता अजब सिंह ने बताया कि तीनों पुलिसकर्मियों ने विजय से 15 हजार रुपए लूटे, जबकि उनके दूसरे पुत्र अजय को छोड़ने की एवज में उनसे दो हजार रुपए की रिश्वत भी ली थी। आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की है।

## सभी जन समस्याओं का गंभीरता से निराकरण करें अधिकारी: उपायुक्त

- नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने को लेकर प्रशासन प्रारंभ से ही गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने को लेकर प्रशासन प्रारंभ से ही गंभीर है। अधिकारियों को इसमें और गति प्रदान करनी चाहिये। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय में सीएम विण्डो, जनसंवाद और समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा रखी गई समस्याओं के निस्तारण को लेकर करीब दो दर्जन विभागों के एचओडी के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को रोजाना अपने कार्यालय में 15 मिनट का समय निकालकर विभाग से संबंधित व सीएम विंडों, जनसंवाद और समाधान शिविर से जुड़ी समस्याओं के निदान को लेकर चिंतन मंथन करके कम से कम समय में उनका समाधान करना चाहिए। कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी, समाधान शिविर व सीएम विण्डों और जनसंवाद की समस्याओं की समीक्षा कर चुके हैं। ऑनलाईन भी समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं पर निगरानी बरती जा रही है।



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया, विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ बैठक करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### चेले ने ही की थी बाबा सत्यवान की हत्या

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था में रोहतक-पानीपत हाईवे पर सरकारी स्कूल के सामने पीर के साथ बने मंदिर में बीते शनिवार की रात बाबा सत्यवान की गला रेत कर हत्या करने के मामले में बाबा के ही चेले संदीप निवासी गांव नौल्था को गिरफ्तार किया है।

डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि बाबा सत्यवान भिक्षा में मिले रूपयों में से संदीप को दो तीन सौ रूपये ही देता था। वहीं बाबा सत्यवान ने संदीप को भिक्षा में मिली नगदी में से रूपये देने बंद कर दिए थे। इसके चलते संदीप, बाबा से रंजिश रखने लगा और उसने शराब पीने के दौरान बाबा सत्यवान की चाकू से गर्दन काट कर हत्या कर दी। वहीं, वारदात में प्रयोग चाकू व खून से सनी टी शर्ट पुलिस ने बरामद कर ली है।

## करीब पांच वर्ष पहले दिए थे कार्रवाई के आदेश

# पूर्व कांग्रेसी विधायक धर्म छोक्कर की कोठी को गिराए प्रदेश सरकार : कॉमरेड कपूर

- लोकायुक्त की हरी झंडी के बावजूद अवैध कालोनी में बनी पूर्व कांग्रेसी विधायक की कोठी को नहीं गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने पूर्व कांग्रेसी विधायक धर्म सिंह छोक्कर की कोठी को तत्काल ध्वस्त करने की मांग की है। कपूर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पूर्व कांग्रेसी विधायक पर खासी मेहरबान रही है। करीब पांच वर्ष पहले 7 अगस्त सन 2020 को तत्कालीन लोकायुक्त ने एक रिटायर्ड जज के नेतृत्व में जांच टीम बना कर पूर्व कांग्रेसी विधायक धर्म सिंह छोक्कर की कोठी के गैर कानूनी निर्माण पर नियमानुसार कार्रवाई करने के हरियाणा सरकार को आदेश दिये थे। वहीं, लोकायुक्त के आदेशों को ताक पर रख हरियाणा सरकार ने इस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की।


लोकायुक्त हरियाण के लिखित आदेश दिखाते हुए पीपी कपूर।

### यह है मामला

*आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने वर्ष 2014 में सबूतों सहित लोकायुक्त को शिकायत देकर धर्म सिंह छोक्कर की कोठी को ध्वस्त करने की मांग की थी। शिकायत में आरोप लगाया था कि छोक्कर ने वर्ष 2013 में अवैध कालोनी में बिना नक्शा स्वीकृत कराए किला नुमा कोठी का निर्माण कर लिया और फिर अपनी कोठी को ही साईं एन्क्लेव कालोनी बता कर स्वीकृत कराने का केस सरकार को भिजवा दिया, ताकि कोठी का नक्शा अप्रूव हो सके। इस शिकायत की जांच के दौरान ही वर्ष 2018 में तत्कालीन मनोहर लाल सरकार के शासन काल में निकाय विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से कोठी को साईं एन्क्लेव कालोनी का बता कर स्वीकृत करा लिया।*


**पानीपत।** हरियाणा पंचायत विभाग के निदेशक जेके अभीर, गांव जलमाना का दौरा करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### अमृत सरोवर फेज-टू का शुभारंभ पानीपत के गांव जलमाना से होगा, निदेशक ने किया दौरा

पानीपत। भारत सरकार के विकास एवं पंचायत मंत्री शिवराज चौहान बापौली के जलमाना गांव से अमृत सरोवर फेज-दो की शुरुआत करेंगे। चौहान का दौरा वीरवार या फिर शुक्रवार को हो सकता है। इसको लेकर प्रदेश के पंचायत विभाग के निदेशक जे.के. अभीर ने मंगलवार को गांव जलमाना का दौरा कर कार्यक्रम के आयोजन हेतु अवलोकन किया और अधिकारियों से विचार विमर्श किया। इस मौके पर जिला परिषद की सीईओ डॉ किरण सिंह और ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त निदेशक जितेंद्र जोशी भी उपस्थित रहे। हरियाणा के विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक जीके अभीर ने जानकारी देते हुए बताया कि अमृत सरोवर मिशन भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण, जल पुनर्भरण और ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों के पुनर्निर्माण के माध्यम से जल संकट से निपटना है।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**श्रीमति सोनिया पत्नी लेट श्री योगेश निवासी मकान नम्बर 1594, न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी, तहसील व जिला पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्रीमति सोनिया पत्नी लेट श्री योगेश निवासी मकान नम्बर 1594, न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी, तहसील व जिला पानीपत की स्थाई निवासी है। यह कि लेट श्री हरि चन्द पुत्र श्री लाल चन्द की मृत्यु दिनांक 25.07.2020 को हो चुकी है। यह कि लेट श्रीमति कृष्णा देवी पत्नी लेट श्री हरि चन्द कि मृत्यु दिनांक 26.05.2012 को हो चुकी है। यह कि लेट श्रीमति रामप्यारी पत्नी श्री लाल चन्द की मृत्यु काफी अरसे पहले हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त केवल 2 वारिस है :-

1. श्री योगेश पुत्र 2. श्रीमति अन्जु पुत्री लेट श्री हरि चन्द पुत्र श्री लाल चन्द है। यह कि उक्त वारसन में से लेट श्री योगेश पुत्र लेट श्री हरि चन्द की मृत्यु दिनांक 24.09.2014 को हो चुकी है व लेट श्रीमति कृष्णा देवी पत्नी लेट श्री हरि चन्द की मृत्यु दिनांक 26.05.2012 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त केवल 3 वारिस है :-

1. श्रीमति सोनिया विधवा 2. श्री वंश छाबडा पुत्र 3. स्मृति पुत्री लेट श्री योगेश पुत्र लेट श्री हरि चन्द है। इसके अलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। रवि पटवारी तथा अमित नारंग, नगर निगम पार्षद वार्ड नम्बर 15 द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसन की तसदीक की गई है। इसके इलावा अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 04.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

# शगुन बनी मिस फेयरवेल, मोहित को मिस्टर फेयरवेल का खिताब

■ छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

## नारायणगढ़ के राजकीय महाविद्यालय में एमकॉम के छात्रों को दी विदाई पार्टी


नारायणगढ़। राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को हुए विदाई समारोह के दौरान छात्रों के साथ शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय महाविद्यालय में एमकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने एम कॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह प्राचार्या डॉ. खुशीला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर सबसे पहले विद्यार्थियों ने कार्यकारी प्राचार्य एवं वाणिज्य विभाग के समस्त स्टाफ सदस्यों का समारोह में पहुंचने पर स्वागत किया। विदाई समारोह में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यकारी प्राचार्य एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र ढींगरा ने अपने प्रेरणादायक भाषण में विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच और मेहनत के साथ आगे बढने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रोफेसर रेणू कुमारी ने विद्यार्थियों को कहा कि कॉलेज का हर विद्यार्थी इस संस्थान की पहचान है और उनकी सफलता ही कॉलेज की सबसे बड़ी उपलब्धि है। डॉ. सुमन लता ने विद्यार्थीयों को जीवन में सफलता प्राप्त करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

### छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए

विदाई समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों को टाइटल देकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कई मनोरंजक खेल और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। मिस फेयरवेल शगुन, मिस्टर फेयरवेल मोहित, मिस ब्यूटीफुल सिमरन, मिस्टर हैंडसम शुभम बने। मंच संचालन एमकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों शिवानी, शायना, मोहम्मद अजरुद्दीन ने किया। वाणिज्य विभाग के समस्त स्टाफ सदस्य डॉ. मनीषा, डॉ. सपना गुप्ता, डॉ. राजिंद्र, दलजीत, सपना सैनी, मुकेश, निशा व आशिमा ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रो.संजीव कुमार अंग्रेजी विभाग, प्रो. संजीव कुमार इतिहास विभाग एवं प्रो. सुभाष कुमार भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ड्रोन की बिक्री और भंडारण पर बैन

अंबाला। जिलाधीश अम्बाला अजय सिंह तोमर ने वर्तमान सुरक्षा वातावरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत एक आदेश जारी करते हुए ड्रोन के उपयोग, बिक्री, भंडारण व उड़ान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा रक्षा प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाने के लिए ड्रोन का दुरूपयोग किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबंध विशेष रूप से रक्षा हवाई अड्डों, सैन्य प्रतिष्ठानों, जिला सचिवालय परिसर से 3 किलोमीटर व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों से 2 किलोमीटर की परिधि तथा संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास लागू रहेगा।

### नेशनल लोक अदालत 10 को लगेगी

**अंबाला।** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय व सब डिविजन, नारायणगढ़ की अदालतों मे 10 मई 2025 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत मे नेशनल लोक अदालत का आयोजन 09 मई 2025 को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है।

पुलिस पर आरोपियों की गिरफ्तारी न करने का आरोप

# हत्या के विरोध में परिजनों ने चौकी के बाहर किया प्रदर्शन

मोहड़ा की नवविवाहिता की गला घोटकर हत्या कर दी गई थी। मृतका के गले पर निशान होने से भड़के थे परिजन।


अंबाला। चौकी के बाहर प्रदर्शन करते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ 6 फरवरी 2024 को मोहड़ा के मोहित के साथ हुई थी शादी

विवाहित महिला की हत्या में गिरफ्तारी न होने से परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने दो आरोपियों को तो गिरफ्तार कर लिया है लेकिन एक आरोपी को छोड़ दिया। इसके बाद परिजनों ने मोहड़ा पुलिस चौकी पर पहुंच कर हंगामा शुरू कर दिया। बाद में परिजन चौकी के बाहर ही धरने पर बैठ गए। दरअसल मोहड़ा गांव में एक विवाहित महिला की हत्या हो गई थी। आरोप महिला के परिजनों ने सासुरालियों पर लगाया। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने ससुराल पक्ष से दो उसके पति और सास को गिरफ्तार कर लिया। परिजनों की मांग है कि इस मामले में ससुर की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बता दें कि 24 वर्षीय नवविवाहिता कर्मजीत कौर की 10 अप्रैल संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के गले पर निशान भी मिले। मायके पक्ष ने पति पर ही नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या करने के आरोप लगाए थे। कहा कि एक साल पहले फरवरी 2024 में कर्मजीत कौर की मोहड़ा में मोहित के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज में कार न देने पर प्रताड़ित कर रहे थे। कर्मजीत को आदेश अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। सूचना पाकर पड़ाव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल में फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका कर्मजीत कौर की मां कांता ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 6 फरवरी 2024 को मोहड़ा के मोहित के साथ हुई थी। बेटी कर्मजीत कौर ने एमए तक पढ़ाई की हुई थी। पति मोहित दिल्ली में पीएचडी की पढ़ाई कर रहा है।

### पति, सास और ससुर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू

10 अप्रैल को सुबह सूचना मिली थी कि बेटी को आदेश अस्पताल में दाखिल किया था। सूचना मिली थी कि मोहड़ा की एक नवविवाहिता की गला घोटकर हत्या कर दी गई है। मृतका के गले पर निशान होने के कारण पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पति सास और ससुर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जिनमें से पति और सास को पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस चौकी में पहुंचे परिजनों ने कहा कि पुलिस को ससुर को भी गिरफ्तार करना चाहिए। जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी हमें न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि अंबाला पुलिस पर हमें पूरा भरोसा है कि पुलिस सही कार्रवाई करेगी।

# नकली शराब के मामले में मुख्य आरोपी समेत दो काबू, रिमांड के जरिए हो रही पूछताछ

■ अब तक कुल छह आरोपियों को काबू किया जा चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नकली शराब की फैक्टरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। शहजादपुर में दर्ज मामले में 3 मई 2025 को पुलिस ने मुख्य आरोपी बिट्टु वासी धनाना को गिरफ्तार किया है।

उसे पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी ने बताया कि नकली अवैध शराब की फैक्टरी उसी की है। इस मामले में आरोपी सतविंद्र सिंह भी शामिल है। पुलिस ने आरोपी सतविंद्र सिंह उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया। उसे भी तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी ने अभी तक की पूछताछ के दौरान बताया है कि ढक्कन, मशीन, रंग, फलेवर, लेबल, होलोग्राम उसने ही उपलब्ध करवाया था। मामले में अब तक कुल 6 आरोपियों को काबू किया जा चुका है। 30 अप्रैल 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि मॉर्डन कॉलोनी किराए के मकान में नकली शराब बनाने की फैक्टरी चल रही है।

### पुलिस को छापेमारी में यह हुआ था बरामद

इसके बाद पुलिस ने मौके पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध/नकली शराब की 109 पेटियां, 80 लीटर तैयारशुदा नकली शराब, 2 कैनी शराब 100 लीटर, 3 ड्रम स्पिरिट कुल 540 लीटर, 12 खाली ड्रम, 30 ड्रमी, 20 लीटर की 6 बोतल, 9600 खाली बोतलें, 4 टैंकी, फूड कलर, कार्मेल कलर, भारी मात्रा में ढक्कन, रैपर, गत्ता पेटी, होलोग्राम नंबर, क्यूआर कोड, मधानी व शराब बनाने के अन्य उपकरणों व गाड़ी सहित चार आरोपियों को काबू किया था।

# बस में लटककर सफर कर रहे थे लोग, वीडियो वायरल जांच के आदेश

**पंजोखरा साहिब से अंबाला कैंट की ओर बसों की कमी होने से परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजोखरा साहिब से अंबाला कैंट की ओर बसों की कमी होने से यात्रियों को जोखिम भरा सफर करना पड़ रहा है। बस के दरवाजे के बाहर खड़े होकर मजबूरन लोगों को सफर करना पड़ रहा है। दरअसल मंगलवार की सुबह एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें पंजोखरा साहिब से अंबाला कैंट की ओर जा रही एक बस में लोग दरवाजे के बाहर लटके हुए नजर आ हैं। ऐसे में उनके साथ कोई भी हादसा हो सकता था। यह वीडियो एक गाड़ी चालक ने रिकॉर्ड किया है।

### रोडवेज के जीएम ने तुरंत लिया संज्ञान

रोडवेज के जीएम अश्वनी डोगरा ने बताया कि ऐसा लापरवाही भरा सफर किसी को नहीं करना चाहिए। इसके लिए चालक व परिचालकों को भी निर्देशित किया जाता है। अब वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर बस के चालक और परिचालक से जानकारी ली जाएगी कि यह किस कारण हुआ। बस के दरवाजे पर लटक कर सफर करना गलत है। इससे कोई भी हादसा हो सकता है। जीएम ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए कहा कि वीडियो संज्ञान में आया है। इसकी जांच की जा रही है। यदि भीड़ अधिक है और बसों की संख्या कम है तो इसके लिए अलग से बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

# जिन्दल के प्रयासों से कुरुक्षेत्र को मिली नई ट्रेन चंडीगढ़, कैथल और हिसार जाने वालों को तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



■ सांसद ने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया, हिसार के लिए गुरुग्राम से नई ट्रेन पर भी जताई खुशी

लोकसभा सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से कुरुक्षेत्र को एक नई ट्रेन की सौगात मिली है। यह ट्रेन कुरुक्षेत्र को चंडीगढ़ और हिसार से जोड़ेगी। रेल मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। सांसद जिन्दल ने कुरुक्षेत्रवासियों को मिली इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। उन्होंने हिसार के लिए गुरुग्राम से नई ट्रेन शुरू होने पर भी खुशी जताई और कहा कि यह विकसित कुरुक्षेत्र-विकसित हरियाणा-विकसित भारत के निर्माण में एक बड़ी पहल है।

रेल मंत्रालय नई दिल्ली से जारी अधिसूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 64563-64 अंब अंदोरा – अंबाला कैंट वाया चंडीगढ़ मेमु ट्रेन को अब फास्ट मेमु ट्रेन के रूप में कुरुक्षेत्र होते हुए हिसार के रायपुर तक चलाया जाएगा। ट्रेन संख्या 64564 अंब-अंदोरा-अंबाला से अपराह्न 3 बजे चलकर अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र जंक्शन, कैथल, नरवाना, जाखल, उकलाना और बरवाला होते हुए रात 1.05 बजे हिसार के रायपुर पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 64563 रात 2.25 बजे रायपुर-हिसार से चलकर कुरुक्षेत्र जंक्शन होते हुए प्रातः 7.20 बजे अंबाला कैंट और 12.40 बजे अंब अंदोरा पहुंचेगी। इसी तरह सरकार ने दिल्ली से रेवाड़ी के बीच वाया गुरुग्राम चलने वाली ट्रेन संख्या 54085-86 को फास्ट पैसेंजर ट्रेन के रूप में विस्तार देते हुए हिसार के सातरोड तक चलाने का फैसला किया है। ट्रेन संख्या 54085 दिल्ली से प्रातः 7 बजे चलकर 9.40 बजे रेवाड़ी और दोपहर बाद 1.35 बजे सातरोड पहुंचेगी। इसके बाद ट्रेन संख्या 54086 सातरोड से दोपहर बाद 2.10 बजे चलकर सायं 5.30 बजे रेवाड़ी और रात 9 बजे हिसार पहुंचेगी। यह ट्रेन रेवाड़ी से जाटुसाना, कोसली, झारली, चरखी दादरी, भिवानी, बवानी खेड़ा और हांसी होते हुए सातरोड पहुंचेगी।

परिवहन एवं श्रम मंत्री विज का कांग्रेस पर तंज

# पाक के खिलाफ हो रही कार्रवाई का विरोध करने वाले देश के गद्दार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। पत्रकारों को संबोधित करतेमंत्री अनिल विज।

■ कांग्रेस पाक के हक में हिंदुस्तान की फौजों का मनोबल गिराना चाहती है

■ राफेल का मजाक कांग्रेस उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष उड़ा रहे

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर कांग्रेस व अन्य दलों द्वारा कटाक्ष करने वालों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह देश के गद्दार हैं। यह कर नहीं रहे बल्कि इनसे करवाया जा रहा है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए विज ने कहा कि देश में जयचंद हमेशा रहे हैं। कई तरीकों से सेना का मनोबल यह गिराना चाहते हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू विमान राफेल का मजाक कांग्रेस उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष उड़ा रहे हैं जोकि ठीक नहीं हैं। हमारे देश में जब फौजें लड़ने जाती थी तो उनको उत्साहित किया जाता था। गीत "ओ पवन वेग से उड़ने वाले घोड़े" गाकर उनका हौसला बढ़ाया जाता था।उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पाकिस्तान से प्यार बार-बार उजागर होता है, उसका हम कारण भी समझते हैं क्योंकि पाकिस्तान कांग्रेस का बच्चा है। हिंदुस्तान का विभाजन कर धर्म के आधार पर दो देश बनाए गए तो पाकिस्तान को कांग्रेस ने ही बनाया है। जिस तरह से बच्चा जैसा भी हो लेकिन मां-बाप को अपने बच्चे प्यारे लगते हैं। इसी तरह कांग्रेस को पाकिस्तान बहुत प्यारा लगता है, इसीलिए कांग्रेस पाकिस्तान के हक में हिंदुस्तान की फौजों का मनोबल गिराना चाहती है।

मगर हिंदुस्तान की फौज में इतना करंट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जो आवाज है। वो फौजियों में करंट दौड़ रहा है और फौजी इंतजार कर रहे हैं कि कब उन्हें मौका मिले।

# सीजेएम ने किया बाल सुधार गृह का औचक निरीक्षण

किशोरों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की

■ पीड़ित मुआवजा योजना के अंतर्गत जिला न्यायालय के आदेशानुसार मुआवजा प्रदान किया जाता : प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने मंगलवार को बाल सुधार गृह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर उपस्थित अधीक्षक से किशोरों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने किशोरों को प्रदान की जा रही मेडिकल सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान सुधारगृह में स्थित रसोईघर व यहां पर बनाए जाने खाने की गुणवत्ता को भी चेक किया। सचिव ने बताया कि पीड़ित मुआवजा योजना के अंतर्गत जिला न्यायालय के आदेशानुसार मुआवजा प्रदान किया जाता है जिसमें एसिड अटैक, शारीरिक शोषण, हत्या इत्यादि के मामले शामिल है। योजना का लाभ उठाने के लिए पीड़ित व्यक्ति द्वारा पुलिस कार्रवाई में सहयोग किया जाना आवश्यक होता है।

उन्होंने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीड़ित मुआवजा योजना का लाभ लेने के लिए पीडित व्यक्ति को वकील की फीस भरने की कोई आवश्यकता नहीं होती। योजना के अंतर्गत जिला एडीआर सेंटर में स्थापित कानूनी सहायता केंद्र पर उपस्थित अधिवक्ताओं से मुफत कानूनी सलाह व सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### पानीपतः सीआईए ने गहने चोरी करने वाला पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने एकता विहार कॉलोनी में तनेजा हास्पिटल के सामने रावल मेडिकल के उपर बने कमरे का ताला तोड़कर सोने के गहने चोरी करने के आरोप में दीपक पुत्र दलबीर निवासी गांव डिडवाड़ी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाना चांदनी बाग में अंकित निवासी एकता विहार कॉलोनी की शिकायत केस दर्ज है।

### लूट केस में फरार चल रहे चौथे आरोपी को पकड़ा

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 13 में वृंदा एन्कलेव के पास 11 मार्च की देर शाम शराब ठेकेदार को चोट मारकर 4 लाख 48 हजार रूपए व एक्टिवा लूटने की वारदात में शामिल फरार चल रहे चौथे आरोपी अंकित उर्फ जैली निवासी खेड़ी गुर्जर सोनीपत को सीआईए वन पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना सेक्टर 13/17 में इंद्रपाल पुत्र रामलाल निवासी देशराज कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### उद्यम पुरस्कार को आवेदन मांगे

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस वर्ष कुल 44 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, वहीं पुरस्कार आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है।

### गांव कुराड़ जाने वाली दो सडकें जर्जर

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड़ से ड्रेन नंबर दो के बाईपास से होकर गांव मोहाली व पानीपत जाने वाली सडक जर्जर हो चुकी है। इस सड़क पर आवागमन करने में नागरिकों को भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने पीडल्यूडी विभाग से मांग की है कि शीघ्र ही उक्त दोनों सडक़ों को बनाया जाए अन्यथा उन्हें बीडीपीओ कार्यालय पर धरना देना पड़ेगा।

सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना के तत्वावधान में वार्षिक धार्मिक परीक्षा आयोजित

# अकाल एकेडमी के विद्यार्थियों का उम्दा प्रदर्शन मनवीर सिंह और रवनीत कौर ने मारी बाजी

■ परीक्षा में एकेडमी के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अकाल एकेडमी होली में सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना के तत्वावधान में वार्षिक धार्मिक परीक्षा का आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह परीक्षा विद्यार्थियों में धार्मिक ज्ञान, सिख इतिहास और गुरबाणी की समझ को गहन बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है।


बराड़ा। वार्षिक धार्मिक परीक्षा के बाद सर्टिफिकेटों के साथ एकेडमी के छात्र। फोटो : हरिभूमि

### गुरबाणी जीवन में उतारें

परीक्षा में एकेडमी के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे समर्पण भाव से तैयारी की। विद्यार्थियों ने धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करने के साथ-साथ गुरबाणी के गूढ़ अर्थों को समझने तथा उन्हें अपने जीवन में अपनाने का प्रयास किया। परीक्षा परिणामों में अकाल एकेडमी के विद्यार्थियों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। विशेष रूप से मनवीर सिंह और रवनीत कौर ने अपने-अपने जोन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन उपलब्धियों ने न केवल एकेडमी का नाम रोशन किया बल्कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और आध्यात्मिक समर्पण का प्रतीक बनी।